तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.11.2017	पत्रावली पेश हुई। बकुलाय फरीकेन उपस्थित। दिनांक: 22.08.2017 को वादीगण एवं प्रतिवादीगण ने हाजिर अदालत होकर आपसी सहमति से हुए राजीनामा पेश किया। राजीनामा तस्दीक किया गया। पक्षकारान के मध्य आपसी सहमति से हुए राजीनामा के आधार पर वाद वादी राजीनामा अनुसार स्वीकार किया जाता है एवं विभाजन की डिक्री इस प्रकार सादिर की जाती है कि तहसीलदार (राजस्व) बीकानेर, तहसील बीकानेर के ग्राम मेघासर के खसरा नंबर 641 तादादी 19.68 हेक्टर एवं खसरा नंबर 642 तादादी 0.22 है कुल तादादी 19.90 हैक्टर में से खसरा नंबर 641 में पश्चिम दिशा की 5.21 हैक्टर भूमि तथा खसरा नंबर 642 तादादी 0.22 हैक्टर नजरी नक्शा में लाल रंग से दर्शित वादीगण सं. 1. प्रकाश, 2. आसुराम पिसरान स्व. श्री केशुराम एवं प्रतिवादी सं. 3. श्रीराम पुत्र स्व. श्री केशुराम ब.हि. बराबर तथा खसरा नंबर 641 में पूर्व दिशा कि 14.47 हैक्टर भूमि प्रतिवादीगण सं. 1, 2, 4 ता 9 मन्नुराम, हरीराम, प्रहलाद, पुष्पा, इन्द्रा, नर्बदा, सांवरलाल पिसरान स्व. श्री केशुराम एवं ममोल देवी पत्नी स्व. श्री केशुराम ब.हि.ब. नजरी नक्शा में हरे रंग से दर्शित के अनुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करावें। तदनुसार डिक्री पर्चा जरी हो। राजीनामा एवं नजरी नक्शा निर्णय व डिक्री का भाग रहेंगे।	

सहायक कलक्टर एवं
कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक)
बीकानेर

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	निर्णय व डिक्री की एक प्रति तहसीलदार बीकानेर को पालनार्थ भिजवाई जावे। आदेश आज दिनांक 27.11.2017 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तरतीब तक्मील दाखिल दफ्तर हो । सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) बीकानेर सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) बीकानेर	